मासिक
# आजाद बोल
RNI No.- MPHIN/2020/79860

वर्ष : 6 अंक : 1 इन्दौर, 15 दिसम्बर 2025 पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपए


### 'वोट चोरी' का आरोप, भाजपा की 'वॉशिंग मशीन' पर तीखा वार, प्रियंका गांधी का मोदी सरकार पर हल्लाबोल

# 'मैं चुनौती देती हूं- बीजेपी एक बार बैलेट पेपर पर निष्पक्ष चुनाव लड़ ले, ये कभी नहीं जीत पाएंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने 'वोट चोरी' के मुद्दे पर अपना अभियान तेज करते हुए रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक बड़ी महा रैली का आयोजन किया। इस दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया।

**संसद में जनता के मुद्दों पर चर्चा से इनकार करती है सरकार-**प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि जब संसद में मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और वोट चोरी का मुद्दा उठाया, तो मोदी सरकार ने बहस करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'सरकार ने कहा कि हम पहले 'वंदे मातरम्' पर चर्चा करेंगे, फिर वोट चोरी पर बात करेंगे। सदन में हम 'वंदे मातरम्' पर चर्चा करते रहे, लेकिन मोदी सरकार में जनता के मुद्दों पर बात करने की हिम्मत नहीं दिखी।'

**बीजेपी की 'वॉशिंग मशीन' पर साधा निशाना-**प्रियंका गांधी ने बीजेपी पर दबाव की राजनीति का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले आम चुनाव में मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला गया, कांग्रेस का बैंक अकाउंट बंद कर दिया गया और बेबुनियाद आरोप लगाए गए। उन्होंने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'जिन लोगों का दिल कमजोर था... वो बीजेपी में शामिल हो गए। जैसे-जैसे लोग बीजेपी में शामिल होते गए, बीजेपी की 'वॉशिंग मशीन' में धुलकर साफ होते गए।'



**चुनाव आयोग पर भड़की प्रियंका-**प्रियंका गांधी ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा, 'मैं चुनौती देती हूं- बीजेपी एक बार बैलेट पेपर पर निष्पक्ष चुनाव लड़ ले। ये कभी नहीं जीत पाएंगे और ये बात बीजेपी भी जानती है।' उन्होंने साफ कहा कि आज बीजेपी को चुनाव आयोग की जरूरत है, क्योंकि उसके बिना नरेंद्र मोदी चुनाव नहीं जीत सकते।

उन्होंने चुनाव आयोग के तीन अधिकारियों, ज्ञानेश कुमार, सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी, के नाम लेते हुए कहा कि यह देश इन तीन चुनाव आयुक्तों के नाम नहीं भूलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों ने लोकतंत्र पर वार किया है, और इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है जब पूरा विपक्ष चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं कर रहा है।

**आवश्यक मुद्दों पर सरकार विफल-**कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और महिला सुरक्षा जैसे ज़रूरी मुद्दों पर सदन में चर्चा न करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है, जिसके तहत डॉलर का मूल्य 90 रुपए तक पहुंच गया है, देश की विदेश नीति फेल हो गई है, युवा पेपरलीक की समस्या से परेशान हैं, और सरकार देश की संपत्ति अडानी-अंबानी को सौंप रही है। इसके साथ ही, उन्होंने एक गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के दफ्तर में ही एक शख्स ने बेटिंग ऐप घोटाले किए हैं, लेकिन इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी संसद में बात नहीं होती।

### रामलीला मैदान से राहुल गांधी की हुंकार

## भाजपा और चुनाव आयोग को दी चेतावनी, आरएसएस पर भी साधा निशाना

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस की 'वोट चोरी, गद्दी छोड़ो' रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग पर जोरदार हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी का आत्मविश्वास खत्म हो चुका है, क्योंकि उन्हें पता है कि उनकी 'चोरी पकड़ी गई' है और जल्द ही यह बात लोगों को भी पता चल जाएगी। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को एक वोट का अधिकार संविधान में लिखा है, और इस पर हमला करना अंबेडकर जी का अपमान है।



**राहुल गांधी ने आरएसएस को घेरा-**राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधते हुए कहा कि गांधी जी और हिंदू विचारधारा में सत्य को सबसे जरूरी माना जाता है। लेकिन, उन्होंने मोहन भागवत के अंडमान में दिए एक बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था, 'विश्व सत्य को नहीं, शक्ति को देखता है।' राहुल गांधी ने कहा, 'यह उनकी विचारधारा है... मोहन भागवत कहते हैं- सत्य का कोई मतलब नहीं है, सत्ता जरूरी है।' उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में इस वक्त इसी सत्य और असत्य की लड़ाई चल रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वे सत्य के पीछे खड़े होकर पीएम मोदी, अमित शाह और आरएसएस की सरकार को सत्ता से बाहर करेंगे।

**चुनाव आयोग पर सीधा निशाना-**राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को भी निशाने पर लेते हुए गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान भाजपा ने 10,000 रुपये दिए, लेकिन चुनाव आयोग ने उनके खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि सच और झूठ की इस लड़ाई में चुनाव आयोग भाजपा सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है।

राहुल गांधी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि नरेंद्र मोदी चुनाव आयोग को छूट देने के लिए नया कानून लाए हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी इस कानून को बदल देगी और चुनाव आयुक्तों के खिलाफ कार्वाई करेगी।

उन्होंने 2023 के चुनाव आयोग का हवाला देते हुए कहा, 'कांग्रेस पार्टी आपसे (चुनाव आयुक्त) कह ही है, आप हिंदुस्तान के चुनाव आयुक्त हो, नरेंद्र मोदी के निर्वाचन आयुक्त नहीं हो। हम कानून पूर्वव्यावी रूप से बदलेंगे और आपके खिलाफ कार्वाई करेंगे।'

## बॉन्डी बीच पर हुए भयानक हमले की प्रधानमंत्री मोदी ने की कड़ी निंदा

### पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में हुए भयानक आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। इस हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।



**पीएम मोदी ने घटना पर क्या कहा-**पीएम मोदी ने सिडनी के बॉन्डी बीच पर हुए हमले को 'भयानक आतंकवादी हमला' बताया। उन्होंने भारत के लोगों की ओर से पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।पीएम मोदी ने कहा, 'आज ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर यहूदी त्योहार हनुक्का के पहले दिन जश्न मना रहे लोगों को निशाना बनाकर किए गए भयानक आतंकवादी हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं। दुख की इस घड़ी में हम ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ खड़े हैं।'उन्होंने आगे कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस रखता है और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी इस हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हनुक्का त्योहार के दौरान हुए आतंकी हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।

**हनुक्का उत्सव के दौरान हुई गोलीबारी-**यह भयानक गोलीबारी उस समय हुई, जब यहूदी समुदाय के लोग शाम को हनुक्का (रोशनी का त्योहार, जो आठ दिनों तक मनाया जाता है) का जश्न मना रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, उन्होंने लगभग 50 राउंड गोलियों की आवाज सुनी, जिसके बाद कैंपबेल परेड के पास जमीन पर लोग पड़े हुए थे।

## 'हर जरूरतमंद की सेवा ही सरकार का लक्ष्य', मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य ''हर जरूरतमंद की सेवा करना'' है। योगी आदित्यनाथ ने यहां 'जनता दर्शन' के दौरान यह बात कही। 'जनता दर्शन' के दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए प्रत्येक फरियादी से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और सभी के प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त एवं उचित कार्वाई के निर्देश दिए। एक बयान के अनुसार, 'जनता दर्शन' में प्रादेशिक सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) के एक सिपाही ने मुख्यमंत्री को अपनी समस्या से अवगत कराया जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए मामले के उचित निस्तारण का निर्देश दिया।



शाहजहांपुर से आए एक किसान ने धान खरीद केंद्रों पर लापरवाही की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, ''सरकार किसानों की समृद्धि के लिए लगातार कार्य कर रही है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।'' मुख्यमंत्री ने शाहजहांपुर के जिलाधिकारी को खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। प्रयागराज से भी कुछ फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित मामलों में प्रयागराज के जिला एवं पुलिस प्रशासन को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''हर जरूरतमंद की सेवा ही सरकार का लक्ष्य है।







# राजिक फर्शीवाला ने 'बैटल ऑफ गलवान' के सेट पर सलमान खान और अपूर्व लखिया से मुलाकात की

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के राष्ट्रीय सलाहकार (भारत सरकार), और फिल्म निर्माता राजिक फर्शीवाला, जो इंदौर और महू के निवासी हैं, हाल ही में सलमान खान प्रोडक्शन की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' के सेट पर अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे।

सेट पर उन्होंने सलमान खान और फिल्म के निर्देशक अपूर्व लखिया से मुलाकात की।

**फिल्म से जुड़ावः** राजिक फर्शीवाला इस फिल्म से भी जुड़े हैं और उन्होंने एख्ड्र प्रोडक्शन को फिल्म के कई विभागों की अनुमति दिलाने में सहायता की।

बेटे का जन्मदिनः उनकी इस मदद से खुश होकर, सलमान खान ने फर्शीवाला के बेटे अरसालान के जन्मदिन पर उन्हें विश किया और पूरे परिवार के साथ काफी समय बिताया।

**इंदौर की सौगातः** खान-पान के लिए मशहूर इंदौर शहर की मशहूर भंवरीलाल मिठाई और नमकीन फर्शीवाला ने सलमान खान और निर्देशक अपूर्व लखिया को भेंट की।

**बॉलीवुड में इंदौर की मिठास-**राजिक फर्शीवाला ने इससे पहले भी बॉलीवुड के कई नामचीन फिल्म स्टारों और निर्माताओं-निर्देशकों को भंवरीलाल मिठाई वालों की मिठाई का स्वाद चखाया है। इनमें शामिल हैं अजय देवगन, सनी देओल, बॉबी देओल, अर्जुन रामपाल, सोनू सूद, वरुण धवन, डेविड धवन, सुनील शेट्टी, दिलजीत दोसांझ, रणदीप हुड्डा,नवाजुद्दीन सिद्दीकी, जे पी दत्ता, बिंदिया गोस्वामी, बिनोय गाँधा, नीरज पाठक, दीपक मुकुट ,अनुज शर्मा, जोजो शामिल है





# ख्वाजा उस्मान हारुनी कमेटी द्वारा 10 जोड़ों का निकाह संपन्न शहर काजी ने की दुआ

**इंदौर :** रविवार को इंदौर शहर में सामूहिक निकाह का आयोजन हुआ जिसकी जानकारी देते हुए ख्वाजा उस्मान हारुनी कमेटी के अध्यक्ष सलीम लाइक ने बताया कि कमेटी द्वारा पिछले 20 वर्षों से निशुल्क शादी समारोह आयोजित किया जा रहा है इस मौके पर आज 10 जोड़ों का निकाह कार्यक्रम ख्वाजा उस्मान हारुनी कमेटी द्वारा संपन्न कराया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि इंदौर शहर के शहर काजी इशरत अली साहब मुफ्ती अहमद यार खा हाफिज अनवर साहब एवं संस्था सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बैग की उपस्थिति में संपन्न हुआ इस मौके पर डॉक्टर काजी इशरत अली ने कहा कि सलीम लाइक साहब पिछले 20 वर्ष से निशुल्क शादी करवा कर यह संदेश दे रहे हैं कि ऐसी शादी होने से मध्यम परिवार को काफी मदद मिलती है साथ ही दूल्हा दुल्हन को भी समझाइश दी गई कि किसी प्रकार से भी घर मे आपसे मन मुटाव नहीं होना चाहिए ऐसी कभी स्थिति बनती है तो हमारे पास आए पुलिस थानों पर कानूनी कार्रवाई न करें हम इसका बैठकर अच्छा हल निकालेंगे इस मौके पर कमेटी के मुख्य रूप से अध्यक्ष सलीम लाइक पार्षद अयाज बैग अनवर देहलवी मंजूर अहमद फारूक भाई साजिद रॉयल शकील अता राजिक देहलवी अब्दुल वहाब मुस्ताक बाबा वारसी आसिफ भाई शाहनवाज भाई सुफियान मेमन रियाज खान शाहिद देहलवी रियाज कादरी मोहम्मद परवेज सलमान लाइक तारीख इकबाल सोहेल पठान मुकेश बजाज रिहान अंसारी आदि लोग मौजूद थे सभी ने खुशी जाहिर करते हुए समाज में अपील की है कि हमेशा इस तरह की शादी होने से गरीब मध्यम वर्ग के लोगों को काफी सहयोग और मदद मिलती है ऐसे कार्य सभी लोगों को मिलकर करना चाहिए।

### एक सप्ताह में अवैध शराब नेटवर्क पर ताबड़तोड़ वार

# कलेक्टर के निर्देश पर जिलेभर में छापे, बीयर-विदेशी मदिरा सहित लाखों की शराब जब्त,कई आरोपी गिरफ्त में



**इंदौर।** जिले में अवैध मदिरा परिवहन, संग्रहण और बिक्री पर लगाम कसने के लिए आबकारी विभाग ने बीते एक सप्ताह से सघन अभियान चला रखा है। कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देश पर की जा रही इन कार्रवाइयों से अवैध शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

11 दिसंबर को वृत्त पलासिया प्रभारी प्रियंका रानी चौरसिया के नेतृत्व में महूनाका रोड पर कार्रवाई करते हुए एक्टिवा स्कूटर से अवैध रूप से ले जाई जा रही 12 केन बीयर और 5 बोतल विदेशी मदिरा जब्त की गई। आरोपी विजय राठौर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। जब्त मदिरा और वाहन की कुल कीमत करीब 80 हजार 440 रुपये बताई गई।इसी दिन विनोबा नगर शमशान घाट के पास अवैध मदिरा विक्रय करते हुए आरोपी किशोर जरेले को 50 पाव देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जब्त शराब की कीमत लगभग 3 हजार 750 रुपये आंकी गई।12 दिसंबर को मालवामिल क्षेत्र में आबकारी उपनिरीक्षक आशीष जैन की टीम ने एक्टिवा स्कूटी से 6 बोतल व्हिस्की जब्त कर आरोपी हितेश सिसौदिया को पकड़ा। इस मामले में मदिरा व वाहन का मूल्य करीब 57 हजार रुपये रहा। वहीं अभिलाषा नगर चौराहे पर 50 पाव देशी मदिरा के साथ विक्की शर्मा को रंगे हाथ पकड़ा गया, जिसकी कीमत 43 हजार 750 रुपये बताई गई।इसके अतिरिक्त निपानिया क्षेत्र की पिनैकल ड्रिम बिल्डिंग स्थित एक फ्लैट से 20 बोतल विदेशी मदिरा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आबकारी विभाग की लगातार सख्त कार्रवाइयों से जिले में अवैध शराब कारोबारियों की कमर टूटती नजर आ रही है।वहीं आबकारी विभाग की लगातार कार्रवाई के तहत 14 दिसंबर को वृत्त आंतरिक-2 प्रभारी जया मुजाल्दे ने टीम के साथ बिजलपुर क्षेत्र में गश्त के दौरान बड़ी सफलता हासिल की। वाहन की कुल कीमत लगभग 62 हजार 500 रुपये आंकी गई है।



### शातिर बदमाश कान्हा उर्फ मोहित जिलाबदर, 6 माह तक इंदौर से रहेगा बाहर

**इंदौर।** आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त शातिर बदमाश कान्हा उर्फ मोहित पिता राजेश जरिया, उम्र 27 वर्ष, निवासी पानी की टंकी के पास आशीष नगर,थाना तेजाजी नगर के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत आरोपी को 6 माह की अवधि के लिए जिला इंदौर (नगरीय एवं देहात) सहित सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से प्रतिबंधित करते हुए जिलाबदर आदेश जारी किया गया है।जारी आदेश को थाना तेजाजी नगर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में लाउड स्पीकर के माध्यम से सार्वजनिक रूप से सुनाया गया। साथ ही आरोपी कान्हा उर्फ मोहित तथा उसके परिजनों को आदेश का सख्ती से पालन करने हेतु पाबंद किया गया।

### क्राइम ब्रांच का बड़ा खुलासा

# नकली नोटों के साथ चार युवक गिरफ्तार, दो लाख की करंसी जब्त

### इंस्टाग्राम रील से आया 'शॉर्टकट' का आइडिया



**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने शहर में नकली नोटों के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब दो लाख रुपये के नकली नोट और दो दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। सभी आरोपी इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कर रहे हैं और प्राइवेट नौकरी भी करते हैं। पुलिस के अनुसार, इंस्टाग्राम पर ञ्जल्दी पैसा कमानेञ् वाली रील देखकर ये युवक नकली नोटों की अवैध खरीद-फरोख्त में उतर आए।

गिरफ्तार आरोपियों में ऋषिकेश तोंडे,वंश केथवास,रितेश नागर और अंकुश यादव शामिल हैं,जो सभी इंदौर के निवासी हैं। उनके पास से हीरो होंडा सीडी-100 और सुजुकी एक्सेस स्कूटर भी जब्त किए गए,जिनकी कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये आंकी गई है।एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के निर्देश पर की जा रही निगरानी के बीच क्राइम ब्रांच को एक मुखबिर से सूचना मिली कि सदर बाजार रोड स्थित गुटकेश्वर महादेव मंदिर के पास चार युवक संदिग्ध गतिविधियों में जुटे हैं और उनमें से एक के पास लाल रंग का बैग है। टीम ने घेराबंदी कर जब उन्हें पकड़ा तो बैग और उनकी जेबों से 500 रुपये के लगभग 400 नकली नोट मिले, जिनकी कुल कीमत करीब दो लाख रुपये है।पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे कम दाम पर नकली नोट खरीदकर शहर में खपाने की फिराक में थे। क्राइम ब्रांच ने प्रकरण दर्ज कर आगे जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि नकली नोट सप्लाई करने वाला मुख्य स्रोत कौन है। अधिकारियों के अनुसार,शहर में ऐसे नेटवर्क पर लगातार निगरानी बढ़ाई जा रही है और अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### पान दुकान पर बदमाशों का हमला, पेट्रोल बम से लगाई आग

**इंदौर।** कनाडिया थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम एक पान दुकान पर बदमाशों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बदमाशों ने पेट्रोल से भरी बोतल फेंककर दुकान में आग लगा दी। घटना में पान दुकान संचालक दीपक चौरसिया बाल-बाल बच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मुख्य आरोपी करण यादव सहित उसके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।पीडित् दीपक चौरसिया ने बताया कि करण यादव से उसका पुराना विवाद चला आ रहा है। शनिवार को करण अपने साथियों के साथ दुकान पर आया और जबरन दुकान खाली कराने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर बदमाशों ने मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान करण ने पेट्रोल भरी बोतल दुकान की ओर फेंकी, जबकि उसके साथी ने जलता हुआ डंडा फेंक दिया, जिससे दुकान में आग भड़क उठी।हालात बिगड़ते देख दीपक पीछे की ओर भागकर जान बचाने में सफल रहा। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया।






# नकली घी पर प्रशासन का शिकंजा : श्याम मार्केटिंग और डेरी इकाइयों पर सख्त कार्रवाई

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं खाद्य औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिलावटखोरों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पालदा स्थित श्रीराम मिल्क फूड डेरी इंडस्ट्रीज एवं उससे संबद्ध इकाइयों पर की गई कार्रवाई में नकली घी के बड़े खेल का खुलासा हुआ है। टीम ने विभिन्न ब्रांड के घी के 10 नमूने लेकर लगभग 3409 लीटर घी जब्त किया, जिसकी बाजार कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी गई। जांच में 7 नमूने अवमानक पाए गए, जबकि 3 की जांच जारी है।

जांच में यह भी सामने आया कि एक ही परिसर में तीन अलग-अलग फर्मों के नाम से कार्य किया जा रहा था, जबकि मशीनरी, भंडारण और लेन-देन एक ही व्यक्ति द्वारा संचालित हो रहा था। पूर्व में भी मदर चॉइस घी के मामलों में इंदौर सहित कई जिलों में दोषसिद्धि हो चुकी है। गंभीर अनियमितताओं के चलते तीनों फर्मों के खाद्य लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं।

इधर, शनिवार को गाड़ी अड्डा स्थित श्याम मार्केटिंग पर भी नकली घी की आशंका में कार्रवाई की गई। अत्यंत कम कीमत पर रखे घी के 4 नमूने लेकर 74 किलो माल जब्त किया गया। वहीं पल्हर नगर स्थित एक गजक फैक्ट्री में गंदगी पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर वर्मा ने स्पष्ट किया कि शुद्ध व सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



द ग्रैंड वॉकाथॉन-2025 से इंदौर ने रचा इतिहास

# 6100 से अधिक प्रतिभागियों संग बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

**इंदौर।** एनीमिया एवं अंगदान जागरूकता को लेकर आयोजित द ग्रैंड वॉकाथॉन-2025 ने इंदौर को एक और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। रविवार सुबह 7 बजे नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर पलासिया चौराहा होते हुए पुनः नेहरू स्टेडियम पर संपन्न हुई। इस वॉकाथॉन में जनभागीदारी का अद्भुत नजारा देखने को मिला। इस आयोजन में 108 संस्थाओं के 6100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में अपना नाम दर्ज कराया। रिकॉर्ड की पुष्टि ड्रोन कैमरे से की गई, जिसमें कुल 6128 प्रतिभागियों की सहभागिता दर्ज हुई। इससे पहले अंगदान जागरूकता से जुड़ा रिकॉर्ड 3006 लोगों का था, जिसे इस आयोजन ने दोगुने से अधिक आंकड़े के साथ तोड़ दिया।मिताशा फाउंडेशन के संस्थापक आलोक सिंह ने बताया कि इस वॉकाथॉन का उद्देश्य अंगदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना और एनीमिया के प्रति समाज को जागरूक करना है। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इसमें 9 ऐसे प्रतिभागी भी शामिल हुए, जिन्हें पूर्व में किडनी या लिवर ट्रांसप्लांट हुआ था, वहीं वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके 7 खिलाड़ी भी मौजूद रहे।वॉकाथॉन में सांसद शंकर लालवानी एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने सहभागिता करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव होता है और अंगदान किसी को नया जीवन देने का सबसे बड़ा माध्यम है।

# यूरिया खाद के लिए भोर से लाइन, किसानों की बढ़ी परेशानी

## वितरण व्यवस्था पर फिर उठे सवाल, सुधार न हुआ तो आंदोलन की चेतावनी



इंदौर। जिले में यूरिया खाद वितरण की अव्यवस्थित व्यवस्था एक बार फिर किसानों के लिए बड़ी चिंता का विषय बन गई है। हालात इतने बिगड़ गए कि लक्ष्मी नगर अनाज मंडी गोदाम के बाहर तड़के 5 बजे से ही किसान लाइन में खड़े दिखाई दिए। सुबह 6 बजे तक संख्या 100 से अधिक हो गई। कई किसान तो रात खुलते ही सुबह 4 बजे पहुँचकर अपने कागज़ रखकर लाइन में जगह सुरक्षित करने को मजबूर हुए। यह स्थिति मुख्यमंत्री के प्रभार वाले जिले में प्रशासनिक लापरवाही की स्पष्ट तस्वीर प्रस्तुत करती है।

किसान नेता बबलू जाधव ने बताया कि स्थानीय सोसायटियों में नगद भुगतान पर डिफाल्टर किसानों को भी खाद उपलब्ध करवाई जानी चाहिए, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानियों से राहत मिल सके। उनका कहना है कि मार्फड के गोदाम गांवों से काफी दूर हैं, जिससे किसानों को रोजाना लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। समय, श्रम और पैसे का नुकसान अलग से हो रहा है। ऊपर से पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं होने से किसानों की चिंता और बढ़ रही है।जाधव ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वितरण व्यवस्था में तुरंत सुधार नहीं किया गया और किसानों को गांव की सोसायटियों पर ही सहज रूप से खाद उपलब्ध नहीं करवाई गई, तो किसान बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे। किसानों का कहना है कि यह केवल अव्यवस्था नहीं, बल्कि उनके साथ सीधा अन्याय है। किसानों ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि स्थिति नहीं सुधरी, तो वे सड़कों पर उतरकर अपना हक़ मांगने के लिए विवश होंगे।



# इंदौर प्रेस क्लब में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प

## 200 से अधिक मीडियाकर्मी लाभान्वित

**इंदौर।** भागदौड़ भरी दिनचर्या में निरंतर सक्रिय रहने वाले पत्रकारों और मीडियाकर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रविवार को इंदौर प्रेस क्लब में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। इंडेक्स मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 200 से अधिक मीडियाकर्मियों एवं उनके परिजनों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।हेल्थ कैम्प में हृदय, कैंसर, पेट, हड्डी, दंत, महिला, शिशु, नाक-कान-गला और नेत्र रोग सहित कुल 22 प्रकार की निःशुल्क जांचें की गईं। इसमें ईसीजी, बीपी, शुगर, खून की जांच, आंखों की जांच, घुटना एवं हड्डी रोग परीक्षण के साथ दंत उपचार भी शामिल रहा।इस अवसर पर इंडेक्स संस्थान की डायरेक्टर डॉ. दीप्ति सिंह हाड़ा सहित अनेक वरिष्ठ पत्रकार व पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम ने स्वागत भाषण देते हुए आयोजन के लिए इंडेक्स संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव प्रदीप जोशी ने किया।

# एमवाय अस्पताल से निजी अस्पतालों तक 'कमीशन का खेल', मरीजों की मजबूरी बन रही मुनाफे की सीढ़ी

## लामा कर भेजने पर 10 प्रतिशत का आरोप, निजी एंबुलेंस पर सख्ती के दावे हवा-हवाई

**इंदौर।** शहर के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल एमवायएच से मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजने का खेल एक बार फिर उजागर हुआ है। मुनाफे की लालच में कुछ डॉक्टर मरीजों को लामा कर निजी अस्पतालों की राह दिखा रहे हैं। आरोप है कि एक मरीज को निजी अस्पताल में रेफर करने पर डॉक्टरों को इलाज राशि का करीब 10 प्रतिशत कमीशन मिलता है। हाल ही में न्यूरोसर्जरी विभाग के एक डॉक्टर द्वारा मरीज को इंडेक्स अस्पताल भेजने का मामला सामने आया, जिस पर संबंधित डॉक्टर का 15 दिन का वेतन काटा गया।

पीड़ित मरीज ने शिकायत में बताया कि उसे रातभर जमीन पर बिना इलाज के रखा गया और सुबह निजी अस्पताल जाने की सलाह दी गई। सूत्रों के मुताबिक, तीन लाख रुपये के इलाज पर डॉक्टर को लगभग 30 हजार रुपये तक कमीशन मिल जाता है। यह पूरा नेटवर्क आयुष्मान योजना की आड़ में तेजी से फैल रहा



है। मरीजों को यह कहकर भ्रमित किया जाता है कि निजी अस्पताल में बेहतर सुविधाओं के साथ मुफ्त इलाज मिलेगा।

सूत्र बताते हैं कि एमवाय अस्पताल से रोजाना 10 से अधिक मरीज अधूरे इलाज में लामा कर निजी अस्पतालों में चले जाते हैं। इनमें कई मरीज डॉक्टरों और एजेंटों की साठगांठ का शिकार होते हैं। मरीजों को ले जाने में निजी एंबुलेंस गैंग भी सक्रिय है।

बताया जा रहा है कि हड्डी रोग, न्यूरोसर्जरी, कैंसर और मेडिसिन विभाग के मरीज सबसे ज्यादा इस नेटवर्क का शिकार होते हैं। इस मामले में एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने कहा कि लामा रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं और एक कमेटी गठित की जा रही है, जो ऐसे मामलों की समीक्षा करेगी। हालांकि, सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस गहरे जड़ जमा चुके नेटवर्क पर वाकई लगाम लगा पाएगा?

# शादी समारोह में तेज डीजे बजाना पड़ा भारी, पुलिस ने दर्ज किया केस

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डीजे जब्त कर संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। यह कार्रवाई आसपास के रहवासियों की लगातार शिकायत के बाद की गई।पुलिस के अनुसार छोटा बांगडदा रोड स्थित अमृत ग्रीन गार्डन में एक विवाह समारोह आयोजित किया गया था, जहां देर रात तक तेज साउंड में डीजे बजाया जा रहा था। शोर से परेशान होकर हाईलिंक सिटी, छोटा बांगडदा रोड निवासी महेश कश्यप ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने डीजे संचालक दीपक पिता विजय सुगंधी निवासी नरीमन सिटी से तेज साउंड बजाने की अनुमति मांगी, लेकिन वह कोई वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने डीजे उपकरण जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि सार्वजनिक आयोजनों में निर्धारित समय व ध्वनि सीमा का पालन अनिवार्य है। नियमों के उल्लंघन पर आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

लिली डाबर को हटाया

# लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किया आदेश, अब खजराना हायर सेकेंडरी स्कूल में होंगी पदस्थ



**इंदौर।** लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश द्वारा गुरुवार को जारी आदेश में देवी अहिल्या केंद्रीय पुस्तकालय इंदौर की प्रभारी प्राचार्य लिली डाबर को उनके वर्तमान प्रभार से हटाकर तत्काल प्रभाव से खजराना हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ कर दिया गया है। आदेश आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता द्वारा जारी किया गया। गौरतलब है कि 4 अगस्त 2023 के शासन आदेश के तहत लिली डाबर को उच्च पद का प्रभार देते हुए अहिल्या केंद्रीय पुस्तकालय में पदस्थ किया गया था, जबकि पुस्तकालय में उच्चतर माध्यमिक प्राचार्य का पद स्वीकृत ही नहीं है। इस विसंगति को दूर करते हुए अब उन्हें उनके पदानुसार नवीन शाला में भेजा गया है।जारी आदेश के अनुसार संबंधित अधिकारी को तुरंत कार्यमुक्त होकर नई पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करना होगा।

**CRIME**

### विवाद शांत कराने गए युवक पर हमला

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच झगड़ा शांत कराने गए एक युवक पर ही आरोपियों ने हमला कर दिया। घटना नट कॉलोनी स्थित एक किराना दुकान के सामने की बताई जा रही है।पुलिस के अनुसार घायल युवक रोहित पिता धर्मेन्द्र चौहान निवासी नट कॉलोनी अपने दोस्त दीप की शादी में शामिल होने गया था। बारात के दौरान नाचते समय आरोपी राम हटकर पिता संजय हटकर का मोहल्ले के कुछ लोगों से विवाद हो गया। हालात बिगड़ते देख रोहित ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया।इसी बात से नाराज होकर राम हटकर और उसके भाई लक्की हटकर ने रोहित के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब रोहित ने विरोध किया, तो दोनों आरोपियों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी और पास पड़ी ईंट उठाकर उसके सिर पर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चंदन नगर पुलिस ने रोहित की शिकायत पर दोनों आरोपी भाइयों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बारात में नाचने को लेकर युवकों में मारपीट

**इंदौर।** जवाहर टेकरी पर नाचने के दौरान हुए विवाद में आरोपियों ने युवक की जमकर पिटाई की। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक, घायल युवक की पहचान हिमांशु पिता ईश्वर प्रजापत निवासी खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास सिरपुर के रूप में हुई है। मामले में आरोपी विजय, रूपेश, भोला और जितेंद्र सभी निवासी जवाहर टेकरी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। हिमांशु ने बताया कि वह 9 दिसंबर को रात 9.30 बजे अपने दोस्त की शादी के कार्यक्रम में जवाहर टेकरी गया था। बारात में दो डीजे गाडियां चल रही थीं। हिमांशु अपने दोस्त लक्की चौहान के साथ पीछे वाली गाड़ी के पास नाच रहे थे। नाचते-नाचते जब वे आगे वाली डीजे गाड़ी के पास पहुंचे तो हिमांशु का धक्का गलती से विजय को लग गया। इसी बात को लेकर विजय, रूपेश और भोला ने मारपीट कर दी।

# अन्तर्राज्यीय कुख्यात नकबजन तलवारसिंह गिरफ्तार

## गीतानगर चोरी का खुलासा, 7.5 लाख का माल बरामद





**इन्दौर।** शहर में बढ़ते चोरी एवं नकबजनी के मामलों पर लगाम कसने के लिए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पलासिया थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय कुख्यात नकबजन अब्दुल रशीद उर्फ तलवारसिंह को गिरफ्तार कर सोने-चांदी के लाखों के आभूषण और चोरी की स्प्लेंडर बाइक सहित करीब 7.5 लाख रुपये का माल बरामद किया है। आरोपी मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में 100 से अधिक गंभीर अपराधों में वांछित है।

**800 सीसीटीवी कैमरों की जांच से मिला सुराग-**थाना प्रभारी सुरेंद्रसिंह रघुवंशी के नेतृत्व में गठित 4 टीमों ने चोरी की वारदातों के 800 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मुखबिरों की मदद से संदिग्ध आरोपी की पहचान हुई और उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह वोटर कार्ड के लिए एसआईआर फॉर्म भरने इंदौर आया था और तिलक नगर क्षेत्र से बाइक चोरी कर गीतानगर के सूने फ्लैट में नगुचे और टामी से ताला तोड़कर जेवरात चुराए थे।

**19 साल की उम्र से शुरू किया अपराध, ऐसे पड़ा तलवारसिंह नाम-**अब्दुल रशीद बचपन से ही इंदौर में पला-बढ़ा और 19 वर्ष की आयु में चोरी की दुनिया में उतर गया। बाद में महाराष्ट्र के अकोला जिले में जाकर निकाह किया और वहीं अपनी खतरनाक छवि बनाता रहा। बताया जाता है कि अकोला के वर्धा क्षेत्र में उसने एक व्यक्ति की तलवार से गर्दन काटकर हत्या कर दी थी और हत्या के बाद खुद ही गर्दन लेकर थाने में पेश हो गया था। इस भयावह वारदात के चलते उसे तलवारसिंह नाम मिला और वह महाराष्ट्र में दहशत का पर्याय बन गया।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में थाना पलासिया की टीम और साइबर सेल के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# क्राइम ब्रांच की कार्रवाई : राजस्थान का तस्कर ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार





**इंदौर।** शहर में नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्राइम ब्रांच ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने राजस्थान के एक तस्कर को भारी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी सस्ते दामों पर मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर में नशे के आदी लोगों को ऊँचे दामों पर बेचने का अवैध धंधा चला रहा था।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम शहर के विभिन्न इलाकों में संदिग्धों की तलाश में गश्त कर रही थी। इसी दौरान संजय सेतु पार्किंग क्षेत्र में एक व्यक्ति संदिग्ध गतिविधि करता नजर आया। पुलिस को देखते ही वह घबरा गया, जिस पर टीम ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही रोक लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम देवीलाल मीणा निवासी प्रतापगढ़, राजस्थान बताया।तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 36.39 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर और एक दोपहिया वाहन हॉडा स्प्लेंडर बरामद किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में देवीलाल मीणा ने स्वीकार किया कि वह अधिक मुनाफा कमाने की नीयत से सस्ते में मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर में ऊँचे दामों पर बेचता था। इस बार भी वह नशे का माल शहर में खपाने की फिराक में था।पुलिस के अनुसार आरोपी दिहाड़ी मजदूरी करता है और आठवीं कक्षा तक शिक्षित है। उसे गिरफ्तार कर थाना अपराध शाखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। जब्त ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत करीब 3 लाख 70 हजार रुपये बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ के स्रोत और इंदौर में सक्रिय नेटवर्क को लेकर गहन पूछताछ कर रही है।

### बकाया संपत्ति कर पर निगम की सख्ती


## कनाडिया मेन रोड स्थित फिटनेस फोर्स जिम सील, संचालक ने मौके पर दिया चेक




**इंदौर।** नगर निगम ने बकाया संपत्ति कर वसूली अभियान के तहत जोन नंबर 19 के कनाडिया मेन रोड स्थित फिटनेस फोर्स जिम को शनिवार को सील कर दिया। जिम पर 1 लाख 67 हजार रुपये का संपत्ति कर बकाया था, जिसके चलते निगम टीम ने कार्रवाई की।झोन अधिकारी धीरेंद्र बॉयस और एआरओ की टीम सुबह मौके पर पहुंची और देयक जमा न होने पर सीलिंग की प्रक्रिया शुरू की। कार्रवाई के दौरान जिम संचालक ने तत्काल बकाया जमा करने की इच्छा जताई और हाथों-हाथ 1 लाख 70 हजार रुपये का चेक निगम अधिकारियों को सौंपा।निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में बड़े बकायेदारों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और देय कर जमा न करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कदम जारी रहेंगे।

### बकायेदारों पर निगम की कड़ी कार्रवाई

# राजवाड़ा क्षेत्र में बड़े होर्डिंग पर चस्पा किए 60 से अधिक बकायेदारों के नाम




**इंदौर।** नगर निगम ने टैक्स नहीं चुकाने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए बड़ा कदम उठाया। निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जोन क्रं.-3 के वार्ड 56, 57 और 58 के बड़े बकायेदारों के नाम सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित कर दिए गए। राजवाड़ा क्षेत्र में लगाए गए विशाल होर्डिंग पर जब इन बकायेदारों की सूची चस्पा की गई,तो इसे देखकर आम नागरिक भी हैरान रह गए।जानकारी के अनुसार सूची में 60 से अधिक ऐसे लोगों के नाम शामिल हैं,जिन्होंने पिछले पाँच वर्षों से नगर निगम का टैक्स जमा नहीं किया है। कई बार नोटिस देने और चेतावनी जारी करने के बावजूद इन बकायेदारों ने कोई कदम नहीं उठाया। अधिकारियों के मुताबिक, प्रत्येक पर औसतन 22 से 25 लाख रुपये तक का बकाया है,जिससे निगम को भारी राजस्व हानि हो रही है।नगर निगम ने स्पष्ट कर दिया है कि आगामी लोक अदालत में यदि इन बकायेदारों ने अपने प्रकरणों का निपटारा नहीं किया, तो उनके खिलाफ जब्ती-कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। निगम प्रशासन का मानना है कि इस पहल से वर्षों से अटके कर राजस्व की वसूली होगी और शहर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

# एमआर-10 पर ट्रक ने बाइक सवार को घसीटा, कई जगह फ्रैक्चर, शहर में अलग-अलग घटनाएं

**इंदौर।** एमआर-10 ब्रिज पर शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी और चालक ट्रक रोके बिना करीब 500 मीटर तक युवक को घसीटता ले गया। लोगों के शोर मचाने पर ट्रक रुका। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

हीरानगर पुलिस के अनुसार घायल की पहचान 26 वर्षीय हर्ष पुत्र राजू गोस्वामी निवासी रामनगर के रूप में हुई है, जो सियागंज में अकाउंटेंट की नौकरी करता है। ड्यूटी खत्म कर वह घर लौट रहा था, तभी एमआर-10 ब्रिज पर ट्रक क्रमांक एमपी-09-जीजी-7049 ने उसे टक्कर मार दी। हर्ष के शरीर में कई फ्रैक्चर बताए जा रहे हैं और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इधर,भंवरकुआं थाना क्षेत्र के आईटी पार्क चौराहे पर भी सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार आई-बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें सदानंद पुत्र मनोहर और उसका साथी विशाल घायल हो गए।





# भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण : सभी विधानसभाओं में कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्सव

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश भाजपा सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने पर इंदौर नगर की सभी विधानसभाओं में कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक जश्न मनाया गया। भाजपा इंदौर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा एवं विधायकों के नेतृत्व में प्रमुख चौराहों पर मिठाई वितरण कर एक-दूसरे को बधाई दी गई।नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दो वर्ष का कार्यकाल विकास, सुशासन और जनसेवा की नई पहचान बना है। सरकार ने गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए प्रभावी योजनाएं लागू की हैं। लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़ाकर 1500 रुपये करना महिला सशक्तिकरण का मजबूत उदाहरण है। युवाओं के लिए रोजगार और निवेश के अवसर सृजित हुए हैं, वहीं धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को नई दिशा मिली है।

राजवाड़ा, पाटनीपुरा,सिंधी कॉलोनी,मालवा मिल,राऊ सहित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में विधायकों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने मिठाई वितरण, सम्मान कार्यक्रम एवं जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों का उत्सव मनाया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता इस आयोजन में शामिल हुए।



### मालवा मिल कम्युनिटी हॉल का होगा कायाकल्प

## महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने किया भूमिपूजन, मिल क्षेत्रवासियों को मिली बड़ी सौगात

**इंदौर।** शहर के विकास कार्यों को गति देते हुए नगर निगम ने मालवा मिल क्षेत्र के रहवासियों को बड़ी सौगात दी है। पुराने कम्युनिटी हॉल का अब पूर्णतः कायाकल्प किया जाएगा। लगभग 20 हजार स्क्वेयर फीट क्षेत्र में इसे आधुनिक और भव्य रूप में पुनर्निर्मित किया जाएगा।महापौर पुष्यमित्र भार्गव और क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया ने शनिवार को विधिवत पूजन के साथ निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। महापौर ने कहा कि जल्द ही पूरे मिल क्षेत्र को मॉल क्षेत्र के रूप में विकसित करने की योजना है, जिससे स्थानीय सुविधाओं में बड़ा परिवर्तन आएगा।उन्होंने बताया कि नया कम्युनिटी हॉल धार्मिक व सामाजिक आयोजनों तथा मांगलिक कार्यों के लिए क्षेत्रवासियों को एक सुसज्जित और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रहवासी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### लोक अदालत में करदाताओं को राहत का संदेश

# भुगतान में न हो परेशानी अव्यवस्था पर सख्ती

**इंदौर।** नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत संपत्तिकर एवं जलकर पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत तक की छूट के अवसर पर नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने निगम के विभिन्न जोनल कार्यालयों एवं कैश काउंटरों का औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी करदाता बिना कर भुगतान किए कैश काउंटर से वापस न लौटे और सभी को सहज व सुगम सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

आयुक्त यादव ने जोन क्रमांक 11 (नेहरू स्टेडियम), जोन क्रमांक 3 एवं जोन क्रमांक 20 के कैश काउंटरों का निरीक्षण कर वहां उपस्थित करदाताओं से सीधे संवाद किया। उन्होंने भुगतान प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों की जानकारी ली और सभी काउंटरों पर अतिरिक्त हेल्प डेस्क लगाने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को त्वरित मार्गदर्शन मिल सके। इसके साथ ही बैठने की उचित व्यवस्था एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अवलोकन कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।इधर, लोक अदालत के दौरान जोन क्रमांक 6 परदेसीपुरा में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर निगम आयुक्त ने सख्त रुख अपनाया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक न पाए जाने पर संबंधित एआरओ संयम नीमा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इस दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया भी मौके पर मौजूद रहे।आयुक्त यादव ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि लोक अदालत जैसे जनहित के आयोजनों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर दुरुस्त की जाएं और नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।



## इंदौर पुलिस की साइबर पाठशाला में एमकेवीवी स्कूल के छात्रों ने सीखा डिजिटल सुरक्षा का पाठ

**इंदौर।** बढ़ते साइबर अपराधों पर रोक और विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एमकेवीवी स्कूल में पुलिस की साइबर पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (क्राइम) राजेश दंडोतिया ने टीम के साथ करीब 250 विद्यार्थियों को साइबर फ्राड, फाइनेंशियल ठगी और सोशल मीडिया अपराधों की जानकारी दी।

छात्रों को बताया गया कि ऑनलाइन पढ़ाई या गेम खेलते समय सतर्कता बेहद जरूरी है। किसी अनजान लिंक, ऐप या लुभावने ऑफर पर भरोसा न करें। साइबर अपराध होने पर तुरंत हेल्पलाइन 1930 या पोर्टल पर शिकायत करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। साथ ही इंदौर पुलिस के एआई आधारित ’सेफ क्लिक्सऽ चैटबोट की जानकारी देकर डिजिटल सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया गया।




## भाजपा कार्यालय में परिचयात्मक बैठक सम्पन्न

### जामवाल बोल-दायित्ववान कार्यकर्ता होने से बढ़ती है जिम्मेदारी

**इंदौर।** भाजपा कार्यालय में आयोजित परिचयात्मक बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने नगर पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे, अजा वित्त विकास निगम अध्यक्ष सावन सोनकर सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।सभा को संबोधित करते हुए जामवाल ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का दायित्वपूर्ण कार्यकर्ता होना गर्व की बात है, लेकिन इसके साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी ने विश्व स्तर पर पहचान बनाई है, इसलिए हर कार्यकर्ता का कर्तव्य है कि वह संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरे।

## महापौर ने किया मीडियाकर्मियों की समस्याओं का त्वरित समाधान

**इंदौर।** इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित खुले मंच पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मीडियाकर्मियों की नगर निगम से जुड़ी समस्याएं सुनीं और कई प्रकरणों का तुरंत निराकरण कराया।

महापौर ने सड़क, स्ट्रीट लाइट, पानी, सफाई, ड्रेनेज, अतिक्रमण और अवैध निर्माण से जुड़ी शिकायतों पर अधिकारियों को मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यक्रम में महापौर परिषद सदस्य अभिषेक बबलू शर्मा, महापौर प्रतिनिधि भरत पारख और नगर निगम अधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम की शुरुआत प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने कहा कि नगर निगम सहित अन्य विभागों की समस्याओं के निराकरण के लिए भी क्लब में समय-समय पर इसी तरह सुनवाई आयोजित की जाएगी।

महापौर भार्गव ने प्रेस क्लब के इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि जो मीडियाकर्मी शहर की




समस्याओं को उजागर करते हैं, उनके व्यक्तिगत और पारिवारिक कार्यों को भी निगम प्राथमिकता से निपटाएगा।कार्यक्रम में उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, सचिव अभिषेक चेंडके, कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन महासचिव प्रदीप जोशी ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया नाबालिग

**इंदौर।** छत्रीपुरा क्षेत्र में रविवार सुबह दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां पतंग लूटने के दौरान एक नाबालिग हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। घटना लकड़ी मंडी इलाके की बताई जा रही है। करंट लगने से आठ वर्षीय नाबालिग गुडिया़ करीब 50 प्रतिशत तक झुलस गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत बच्चे को जिला अस्पताल पहुंचाया। आरोप है कि जिला अस्पताल में काफी देर तक उपचार शुरू नहीं किया गया, जिसके बाद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल परिसर में उस समय पर्याप्त स्टाफ नहीं होने के कारण स्थानीय निवासी संदीप पाल और लालू ने बच्चे को स्ट्रेचर पर उठाकर एम्बुलेंस तक पहुंचाया। फिलहाल नाबालिग का एमवाय अस्पताल में इलाज जारी है। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बच्चा पतंग लूटते समय हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आया। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि घटना किन परिस्थितियों में हुई।

### जोन-2 पुलिस का सघन अभियान

# ड्रोन तकनीक से चाइनीज मांजा पर प्रहार, अपराध नियंत्रण व जनजागरूकता को नई धार

**इंदौर** । नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इंदौर जोन-2 पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, सामाजिक सुरक्षा और जनजागरूकता को लेकर सघन एवं बहुआयामी अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस उपायुक्त जोन-2 कुमार प्रतीक एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेन्द्र सिंह के निर्देशन में यह अभियान प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है।

प्रदेश में पहली बार थाना कनाडिया क्षेत्र में सर्विलेंस एवं पब्लिक अनाउंसमेंट ड्रोन के माध्यम से प्रतिबंधित चाइनीज मांजा के उपयोग व बिक्री पर रोक लगाने हेतु अभिनव पहल की गई। ग्राम कनाडिया, संचार नगर, वैभव नगर एवं आलोक नगर क्षेत्रों में ड्रोन से प्रसारित संदेशों द्वारा आम नागरिकों, युवाओं और बच्चों को चाइनीज मांजा से होने वाले गंभीर हादसों और कानूनी दंड की






जानकारी दी गई। थाना प्रभारी डॉ. सहर्ष यादव ने नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।साथ ही जोन-2 क्षेत्र में नशा करने वालों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर गुंडा, चाकूबाज और निगरानी बदमाशों की सघन चेकिंग की गई। ड्रोन पेट्रोलिंग से संवेदनशील क्षेत्रों में रियल-टाइम निगरानी भी मजबूत की गई है।इसके अतिरिक्त मोहल्ला बैठकों, जनसंवाद कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से साइबर अपराध, नशा मुक्ति एवं पुलिस हेल्पलाइन की जानकारी दी जा रही है। पुलिस की सक्रियता और जनसहभागिता से जोन-2 में कानून व्यवस्था और जनता का विश्वास लगातार सुदृढ़ हो रहा है।







# कड़कड़ाती ठंड में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

### रणजीत हनुमान की प्रभातफेरी में हजारों भक्त शामिल, भजन-ढोल-झांकियों से गूंज उठा पश्चिम क्षेत्र

**इन्दौर।** शुक्रवार तड़के पश्चिमी क्षेत्र में रणजीत हनुमान मंदिर से निकली भव्य प्रभातफेरी में हजारों भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह 5 बजे कड़ाके की ठंड के बावजूद भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था।

पूरा मार्ग भगवा ध्वजों, भजन-कीर्तन और नासिक ढोल की गूंज से भक्तिमय हो उठा। यात्रा मार्ग पर देर रात से ही तैयारियां शुरू हो गई थीं और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर से बाबा रणजीत का पारंपरिक रथ 32वें क्रम पर निकला। रथ के आगे भजन मंडलियों, हनुमंत पथक, नृत्य दल और नासिक ढोल के कलाकारों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से माहौल को ऊर्जावान बना दिया। महू नाका, अन्नपूर्णा, दशहरा मैदान, नरेंद्र तिवारी मार्ग और विश्राम बाग होते हुए यात्रा पुनः मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में 200 से अधिक स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां विशेष सजावट और झांकियां भक्तों को आकर्षित कर रही थीं। कई स्थानों पर आतिशबाजी भी की गई।

यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। फायर ब्रिगेड की सीढियों पर भी भक्त बाबा के दर्शन को चढ़ते नजर आए। सुरक्षा को लेकर पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए थे और प्रतिदिन की तुलना में सुबह से ही शहर की सड़कों पर विशेष भीड़ दिखाई दी।

**स्वच्छता की मिसाल-**प्रभातफेरी के साथ-साथ नगर निगम के सफाई मित्र भी सक्रिय रहे। जैसे ही यात्रा किसी मार्ग से आगे बढ़ती, तुरंत सफाई दल पीछे-पीछे पहुंचकर पूरा मार्ग साफ कर देता। श्रद्धा और स्वच्छता की यह संयुक्त मिसाल यात्रा का विशेष आकर्षण बनी। कुल मिलाकर रणजीत हनुमान की अष्टमी पर ’जय रणजीतऽ के जयघोष से पश्चिमी-साथ ही पूर्वी क्षेत्र-की सड़कों पर अद्भुत आस्था का उत्सव दिखाई दिया।



# दिनदहाड़े फायरिंग

### नकाबपोश बदमाशों ने युवक पर चलाई गोली, मोबाइल-एटीएम चीरते हुए पैर में लगी

**इंदौर।** शहर के राऊ क्षेत्र में शनिवार दोपहर सनसनीखेज वारदात सामने आई, जब दो नकाबपोश बदमाशों ने दिनदहाड़े एक युवक पर फायरिंग कर दी। ब्लैक रंग की एक्टिवा स्कूटर पर सवार होकर आए आरोपियों ने भूतनाथ मंदिर पार्किंग में रंगवासा निवासी विनय पाटीदार को निशाना बनाया। गोली युवक की पेंट की जेब में रखे मोबाइल और एटीएम कार्ड को चीरते हुए पैर में जा लगी, जिससे उसे मामूली चोट आई। घटना दोपहर करीब डेढ़ बजे की बताई जा रही है। फायरिंग के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में एक्टिवा पर सवार दो नकाबपोश आरोपी भागते हुए कैद हुए हैं।

पीडित़ विनय के अनुसार- एक दिन पहले पार्किंग को लेकर उसका एक युवक से विवाद हुआ था, जिसने उसकी फोटो भी ली थी। इसके अलावा किसी से कोई रंजिश नहीं थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, हालांकि एफआईआर देर रात करीब 2 बजे दर्ज की गई। राउ पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।



# पुलिस परिवार के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों ने उठाया लाभ

**इंदौर।** पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इंदौर पुलिस द्वारा सराहनीय पहल की गई। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में शनिवार को डीआरपी लाइन में निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी एवं उनके परिवारजन शामिल हुए।यह शिविर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/ मुख्यालय) आर.के. सिंह एवं पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) प्रकाश परिहार के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कैम्प में बॉम्बे हॉस्पिटल एवं अग्रवाल आई हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। डॉ. अभिमन्यु निगम, डॉ. अश्विन परचानी, डॉ. अग्रवाल सहित विशेषज्ञ टीम द्वारा हृदय रोग, शुगर, ब्लड प्रेशर एवं नेत्र संबंधी जांचें निःशुल्क की गईं।

## महाकाल मंदिर में 1 जनवरी से फूलों की भारी माला पर प्रतिबंध, नया आदेश जारी

**उज्जैन।** ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में भगवान महाकाल को फूलों की बड़ी व भारी माला पहनाने पर रोक लगाने की तैयारी कर ली गई है। मंदिर के उद्घोषणा कक्ष से भक्तों को नए नियम की जानकारी देने के लिए लगातार उद्घोषण की जा रही है। मंदिर समिति का भक्तों से अनुरोध है कि वे भगवान के लिए अजगर माला नहीं खरीदें। एक जनवरी से इस पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। विशेषज्ञों ने वर्ष 2019 से जांच शुरू की तथा ज्योतिर्लिंग की सुरक्षित रखने के लिए अनेक सुझाव दिए। इसमें एक सुझाव भगवान महाकाल को फूलों की छोटी माला तथा समिति मात्रा में फूल अर्पण का था। लेकिन पिछले कुछ समय से विशेषज्ञों के सुझाव को दरकिनार करते हुए भगवान को फूलों की मोटी व बड़ी माला पहनाई जा रही थी। मंदिर के आसपास हारफूल की दुकानों पर भी 10 से 15 किलो वजनी मालाओं का विक्रय किया जा रहा था।



# इंदौर को नई रफ्तार : बंगाली चौराहा-खजराना तक अंडरग्राउंड मेट्रो, 25 साल का बनेगा ट्रैफिक मास्टर प्लान

## मुख्यमंत्री की बैठक में विकास पर बड़े फैसले, मेट्रोपोलिटन रीजन, एलिवेटेड कॉरिडोर और आईटी हब पर लगी मुहर

**इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के विकास को नई दिशा देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में रविवार को अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के बहुप्रतीक्षित मेट्रो प्रोजेक्ट, यातायात सुधार और दीर्घकालीन शहरी विकास को लेकर कई बड़े निर्णय लिए गए। सबसे महत्वपूर्ण फैसले के तहत बंगाली चौराहे से खजराना तक 3.5 किलोमीटर लंबा मेट्रो कॉरिडोर अंडरग्राउंड रहेगा, जिस पर प्रदेश सरकार करीब 800 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इंदौर मेट्रोपोलिटन रीजन का विस्तार भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। प्रस्तावित मेट्रोपोलिटन रीजन में इंदौर, उज्जैन के साथ देवास, धार और शाजापुर जिले का हिस्सा शामिल होगा, जो करीब 9989 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला होगा। इसके लिए प्रशासन द्वारा तैयार प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है, जबकि निगरानी एजेंसी तय करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।बैठक में यह भी तय किया गया कि एबी रोड पर बीआरटीएस हटने के बाद एलआईजी से नौलखा तक एलिवेटेड



कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। सर्वे पूरा हो चुका है और सहमति बनने के बाद जल्द ही काम शुरू होगा। इसके साथ ही शहर की लगातार बढ़ती ट्रैफिक समस्या को देखते हुए अगले 25 वर्षों के लिए व्यापक ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाएगा, ताकि जाम से स्थायी राहत मिल सके।मुख्यमंत्री ने ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए आईटी हब, नई बस सेवाओं, नाइट लाइफ पॉलिसी, स्टार्टअप पार्क और निवेश बढ़ाने की रणनीति पर भी चर्चा की। महिला सुरक्षा, सीसीटीवी परियोजना, पर्यावरण सुधार और पौधारोपण को भी प्राथमिकता दी गई।प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने बताया कि एमआर-10 पर देश का सबसे बड़ा कन्वेंशन सेंटर और स्टार्टअप हब विकसित किया जाएगा। साथ ही स्लम फ्री इंदौर और बेहतर शहरी जीवन के लिए ठोस कार्ययोजना पर अमल करने के निर्देश दिए गए। बैठक को इंदौर के समग्र और दूरगामी विकास की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

**जैविक हाट बाजार का अवलोकन**-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में जैविक हाट बाजार का अवलोकन किया। उन्होंने यहां उपलब्ध जैविक उत्पादों, किसानों की भागीदारी और विपणन व्यवस्था की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने जैविक खेती को प्रोत्साहन देने और किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया।

**एमवाय परिसर में भूमिपूजन**-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर स्थित एमवाय अस्पताल परिसर में 1450 बिस्तरीय अत्याधुनिक अस्पताल का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से इंदौर प्रदेश का सबसे बड़ा मेडिकल हब बनेगा। नए अस्पताल में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे आसपास के जिलों के मरीजों को बेहतर और सुलभ उपचार मिल सकेगा।

# 'अमित शाह के हाथ में रिमोट कंट्रोल...'

### नितिन नबीन को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर कांग्रेस ने कसा तंज

**नई दिल्ली।** 'अमित शाह के हाथ में रिमोट कंट्रोल...', नितिन नबीन को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर कांग्रेस ने कसा तंज कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को बिहार के पांच बार के विधायक नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि नबीन सिर्फ 'कार्यकारी अध्यक्ष' बनकर रह जाएंगे, जबकि पार्टी की असली बागडोर अमित शाह के हाथों में होगी। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष की नियुक्ति बिना चुनाव के की गई है और उन्हें 'कार्यकारी अध्यक्ष' का पदनाम दिया गया है। 'कार्यकारी अध्यक्ष' भाजपा का एक सांकेतिक शब्द है, जिसका अर्थ है कि गैर-कार्यकारी केंद्रीय गृह मंत्री भाजपा अध्यक्ष को नियंत्रित करते हैं, न कि गृह मंत्रालय का संचालन करते हैं।



खेड़ा ने आगे कहा कि रिमोट कंट्रोल अमित शाह के हाथों में ही रहेगा, जैसा कि पहले होता आया है। नड्डा जी भाजपा अध्यक्ष के रूप में घूमते-फिरते थे, लेकिन प्रमुख निर्णय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लेते थे, और अब भी ऐसा ही होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन सोमवार को दिल्ली के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने पार्टी मुख्यालय में अपने आधिकारिक दायित्वों का कार्यभार संभाला। यह उनके राजनीतिक करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### कांग्रेस की रैली में हुआ पीएम मोदी का अपमान! राज्यसभा में जेपी नड्डा की मांग

# सोनिया गांधी को मांगनी चाहिए माफी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को राज्यसभा में बोलते हुए कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पार्टी के नेताओं द्वारा की गई टिप्पणियों के लिए सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की।

उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी जी को कल कांग्रेस की रैली में पीएम मोदी के खिलाफ लगाए गए नारों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। कल की कांग्रेस रैली में पीएम मोदी के खिलाफ नारे लगाए गए। यह कांग्रेस पार्टी की सोच और मानसिकता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी बातें कहना निंदनीय है। सोनिया गांधी जी को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

इस बीच, लोकसभा में किरेन रिजिजू ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की एक



रैली में कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने के नारे लगाए। उन्होंने इसे भारत के लिए बेहद दुखद समय बताया कि कांग्रेस की पुरानी पार्टी ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कर रही है। रिजिजू ने कहा, 'रैली में कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद थे और प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने के नारे लगाए गए।' कांग्रेस की सहयोगी समाजवादी पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने इस टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया।

समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय ने कहा कि हमारे राजनीतिक मतभेद भले ही हों, लेकिन संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के बारे में बोलते समय हमें संयम बरतना चाहिए। एनसीपी (एसपी) नेता जयंत पाटिल ने कहा कि इस तरह के नारे लगाना सही नहीं है। उन्होंने आगे कहा, 'चाहे कुछ भी हो जाए, वह (नरेंद्र मोदी) प्रधानमंत्री हैं।' रविवार को भाजपा पर विपक्ष द्वारा लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोपों का विरोध करने के लिए आयोजित 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली के दौरान जयपुर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष मंजू लता मीना ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ 'कबर' नारा लगाया।

बाद में जब पत्रकारों ने उनसे इस टिप्पणी के बारे में पूछा, तो उन्होंने अपने बयान का बचाव करते हुए कहा कि वह केवल वोट चोरी को लेकर जनता के गुस्से को व्यक्त कर रही थीं।

# शिवराज सिंह चौहान का दावा, पशुपालन को आय का स्त्रोत बनाना हमारा लक्ष्य

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों की आय बढ़ाकर उनके जीवन स्तर में बदलाव लाने की आवश्यकता पर बल दिया। मध्य प्रदेश के रायसेन में आयोजित किसान संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम में बोलते हुए चौहान ने किसानों की आय बढ़ाने में पशुपालन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमें किसानों के जीवन स्तर में बदलाव लाना होगा, और इसके लिए हमें उनकी आय बढ़ानी होगी।

केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय दुग्ध अनुसंधान संस्थान (नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट) के बारे में भी बात की, जो एशिया का एक प्रमुख संस्थान है और पशुपालन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों का समर्थन करता है। चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय दुग्ध अनुसंधान संस्थान भारत सरकार का एक संस्थान है, जो दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में एशिया का सर्वश्रेष्ठ संस्थान भी है... आय बढ़ाने का एक तरीका पशुपालन है। चौहान ने 500 किसानों को किट सौंपे और पशुपालन का प्रशिक्षण देकर उनके कौशल और आय में वृद्धि करने का प्रयास किया।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आजा पशुपालन के क्षेत्र में कार्यरत 500 किसानों को किट दिए जा रहे हैं...



उन्हें पशुपालन का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है... हमारा लक्ष्य आय बढ़ाने और अन्य योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए पशुपालन को बढ़ावा देना है, ताकि लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने पशुपालन के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने पर सरकार के फोकस पर प्रकाश डाला। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहाः लाडली बहना योजना, जिसके तहत महिलाओं के बैंक खातों में सीधे धनराशि वितरित की जाती है, और किसान सामान विधि योजना, जिसके तहत किसानों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये दिए जाते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हालांकि व्यक्तिगत आय बढ़ाने के लिए सरकारी योजनाएं सहायक हैं, लेकिन व्यक्तियों को मुर्गी पालन और अन्य व्यवसाय भी अपनाने होंगे। उन्होंने कहा कि इस सेमिनार में आपको गायों और मुर्गियों जैसे पशुओं की देखभाल के बारे में जानकारी दी जाएगी। केवल खेती से अब काम नहीं चलेगा, और अपनी आय बढ़ाने के लिए इन व्यवसायों को अपनाना होगा... यदि कोई दूध वितरण के बारे में सीखना चाहता है, तो हम उन्हें आवश्यक पशुओं की खरीद के लिए बैंकों से संपर्क करने में मदद करेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक समीर खान के द्वारा राजा ऑफसेट प्रिंटर्स, 863/9, नेहरू नगर, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 105, लाला भाई मंजिल, 39-40 न्यू अली कॉलोनी खजराना, इंदौर से प्रकाशित। संपादक-समीर खान* (9424018786), सह-संपादकः अदनान अली (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)
Email : sameer18786@gmail.com (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)